बड़वानी पुलिस का रात्रि सुरक्षा अभियान तेज, किया जनसंवाद

▶ चोरी की घटनाओं की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सक्रिय

बड़वानी, (नवभारत)। विगत दिनों शहर में हुई चोरी की घटनाओं एवं चोरों की आहट को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा अंजड़ रोड़ स्थित विजय नगर कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने रहवासियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

पुलिस ने दिए प्रमुख सुरक्षा निर्देश

सभी रहवासी अपने घरों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं। कॉलोनी स्तर पर सामूहिक रूप से रात्रि चौकीदार की व्यवस्था करें। कॉलोनी का एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जाए, जिसमें संबंधित बीट पुलिसकर्मियों को भी जोड़ा जाए।

सूने मकानों में नकदी एवं कीमती आभूषण न छोड़ें। किरायेदारों एवं घरेलू नौकरों की जानकारी अनिवार्य रूप से थाने में दर्ज कराएं। कॉलोनी में निर्माण कार्य होने पर मजदूरों एवं कार्यकर्ताओं की जानकारी मकान मालिक या ठेकेदार के माध्यम से पुलिस को उपलब्ध कराई जाए।

कोतवाली पुलिस ने की अपील

पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे। ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस एवं जनता के समन्वय से ही सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण निर्मित किया जा सकता है।

गेहूं खरीदी की धीमी रफ्तार से किसान परेशान

बड़वानी, (नवभारत)। जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी 31 दिन बाद भी पटरी पर नहीं आ सकी है। खरीद केंद्रों पर धीमी तुलाई के कारण किसानों को 1 से 2 दिन बाद नंबर मिल रहा है। खरीदी की अंतिम तारीख 23 मई को आने में 12 दिन बचे हैं, लेकिन 3485 किसान गेहूं बेचने से वंचित हैं।

जिले में इस बार 4738 किसानों ने ऑनलाईन पंजीयन कराया था। 10 अप्रैल से शुरू हुई खरीदी में 11 मई तक केवल 1253 किसान ही 53948.5 क्विंटल गेहूं बेच पाए हैं। यानी 31 दिन में एक चौथाई किसान भी केंद्रों तक नहीं पहुंचे। अब 12 दिन में 3485 किसानों का गेहूं कैसे खरीदा जाएगा, इसे लेकर किसान चिंतित हैं।

किसानों का कहना है कि शुरुआत से ही व्यवस्था गड़बड़ है। स्लॉट बुक नहीं हो रहे। टोकन के बाद भी 2 से 4 दिन लग रहे हैं। अंजड़ मंडी के पास सीडब्ल्यूसी केंद्र पर पहले टोकन वाले खड़े हैं और बाद वालों का गेहूं तौला जा रहा है। तुलाई के बाद भुगतान में भी 7 से 10 दिन लग रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि या तो खरीदी की तारीख बढ़ाई जाए या केंद्रों पर तुलाई तेज की जाए।

टोकन के बाद भी लग रहे 4 दिन

राजपुर के किसान राजेंद्र सिंह ने कहा कि शुरुआत से व्यवस्था गड़बड़ है। स्लॉट बुक नहीं हो रहे। 2 से 4 दिन में नंबर आ रहा है। चकेरी अंजड़ के ओमप्रकाश बोले कि सीडब्ल्यूसी केंद्र पर पहले टोकन वाले खड़े हैं, बाद वालों का गेहूं पहले तौला जा रहा है। किसान कमल तोमर ने बताया कि तुलाई के बाद भुगतान 7 से 10 दिन में मिल रहा है। स्लॉट बुक में भी दिक्कत है।

85 फीसदी भुगतान किया

जिला आपूर्ति अधिकारी भारतसिंह जमरे ने बताया कि 1949 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। 1253 किसानों से 53948.5 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। 14.16 करोड़ का भुगतान करना है। 24 घंटे में ईपीओ जारी कर 12.14 करोड़ यानी 85 प्रतिशत राशि खातों में जमा कर दी है। अंतिम तारीख तक आने वाले सभी किसानों से खरीदी की व्यवस्था की गई है।

4738 में से 1949 के स्लॉट बुक, 1253 की तुलाई

जिले में 4738 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया था। अब तक 1949 किसानों के स्लॉट बुक हुए हैं। इनमें से 1253 किसान 53948 .5 क्विंटल गेहूं बेच चुके हैं। लेकिन 3485 किसान अभी भी वंचित हैं। 23 मई अंतिम तारीख है और 12 दिन शेष हैं। किसानों को चिंता है कि 31 दिन में 1253 की खरीदी हुई, तो बचे 12 दिन में 3485 की कैसे होगी।

एसपी शुक्ल ने की प्रभावी जनसुनवाई

बड़वानी, (नवभारत)। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के सभी थाना परिसरों में भी जनसुनवाई हुई। जिसमें नागरिकों ने समस्याएं सुनाई।

इस दौरान पारिवारिक विवाद, लेन-देन संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट तथा लंबित मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। एसपी द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को सुनते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान एसपी द्वारा कई प्रमुख निर्देश दिए गए। हमारा उद्देश्य देशभक्ति जनसेवा के मूल मंत्र को व्यवहार में उतारना है। हर व्यक्ति को पुलिस पर विश्वास होना चाहिए।

कलेक्टर ने किया निरीक्षण

▶ चितावल में किया टीबी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन

बड़वानी, (नवभारत)। कलेक्टर जयति सिंह ने राजपुर जनपद की ग्राम पंचायत चितावल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित टीबी स्क्रीनिंग कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैम्प में मौजूद पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा और ग्रामीणों की त्वरित जांच की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीक का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि टीबी के मरीजों की पहचान कर उनका समय पर उपचार शुरू किया जा सके। उन्होंने कैम्प की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से भी संवाद किया। इस दौरान एसडीएम राजपुर, तहसीलदार राजपुर, स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

एसपी ने ली क्राइम मीटिंग, दिए निर्देश

बड़वानी, (नवभारत)। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा 12 मई को एसपी ऑफिस में जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बालिका सुरक्षा, संपत्ति संबंधी अपराध, अवैध गतिविधियों की रोकथाम, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई।

इस दौरान एसपी शुक्ल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी तथा प्रत्येक थाना क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग की जाए। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट एवं माइनर एक्ट के प्रकरणों में 3 से 4 दिन में चालान प्रस्तुत करने वाले पुलिस अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को निर्धारित गणवेश में अनुशासित रहकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में चोरी, नकबजनी एवं वाहन चोरी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों की समीक्षा करते हुए 100 प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीसीटीवी फुटेज से पतारसी कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी पर विशेष जोर दिया गया। एसपी शुक्ल ने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए अवैध हथियार निर्माण एवं खरीद-फरोख्त में संलिप्त सिकलीगरों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, अवैध गौवंश परिवहन पर रोक लगाने तथा जिला बदर की कार्रवाई को गति देने के निर्देश दिए।

बैठक में सीसीटीएनएस, डिजिटल बीट एप, ई-समंस, वारंट तामीली एवं मेटलेपार की कार्रवाई की समीक्षा भी की गई।

एक नजर में

भेरुलाल पाटीदार कॉलेज में एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

महू. भेरुलाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय में प्रौद्योगिकी दिवस पर कम्प्यूटर विज्ञान विभाग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तकनीकी का उपयोग पुराने भारत से नए भारत तक होते आ रहा है. साथ ही तकनीकी आज के समय की आवश्यकता है और विद्यार्थियों को इसके रचनात्मक एवं नैतिक उपयोग की समझ विकसित करनी चाहिए. इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट नीलेश पाटीदार ने सदुपयोग से छात्र छात्राओं को रूबरू करवाया. मुख्य वक्ता डॉ. शालिग्राम प्रजापति ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि जब तक पढ़ते व सीखते रहोगे, जिन्दा रहोगे. उन्होंने हेमचन्द्र श्रेणी (स्न्द्वद्बड्डश्ठ्ठष्द्ब) कर्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. अर्चना जैन, डॉ. रोशन बेंजामिन, डॉ. रशीदा कांचवाला, डॉ. जेके जैन, डॉ. मनोज कुमार नगर, डॉ. संजय गोयल, पूजा श्रीवास्तव, अशोक काग व विंध्या विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे. इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और तकनीकी के उपयोग में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की. यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं तकनीकी कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई. संचालन श्रीमती रितु श्रीवास द्वारा किया गया, जबकि अतिथि परिचय अभिलता अतुलकर ने दिया. निकिता यादव ने आभार व्यक्त किया. तकनीकी सहयोग अमर चौहान द्वारा दिया गया.

महू स्टेशन पर युवक-युवती को लेकर विवाद

महू. डॉ. अंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर एक युवक और युवती को साथ देखकर विवाद हो गया. सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोनों को कोतवाली थाने ले गए. थाने में उनसे देर तक पूछताछ की गई. संगठन के पदाधिकारी यश टाक ने बताया कि पूछताछ करने पर पता चला है कि युवक महू की खान कॉलोनी का निवासी है, जबकि युवती पीथमपुर की रहने वाली है. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक, युवती को परेशान कर रहा था और उसने उसे मिलने के लिए बुलाया था. वहीं, मामले में कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर दीपक राठौर का कहना है अभी युवक-युवती से पूछताछ की जा रही है. युवती की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा.

धर्म जागरण के साथ सामाजिक एकता का संदेश

महू. समाज में सुख, शांति, समृद्धि एवं धर्म जागरण के उद्देश्य से नगर के गोकुल गंज क्षेत्र में 1100 श्री हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ संकल्प का भव्य आयोजन किया जा रहा है. आयोजन का उद्देश्य समाज को संगठित एवं सशक्त बनाना भी है. कार्यक्रम में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ, भक्ति संकीर्तन एवं धर्म जागरण के माध्यम से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया जाएगा. कार्यक्रम मंगलवार, 12 मई को रात्रि 8.30 बजे श्री कैला माता चौराहा, गोकुल गंज, महू में आयोजित होगा. आयोजन श्री कैला माता समिति, गोकुल गंज तथा रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है. आयोजकों ने नगरवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.

चाय बनाने की बात पर सास और बहू में चले लात-घूंसे

▶ दोनों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

इंदौर. बेटमा क्षेत्र में चाय बनाने को लेकर सास-बहू के बीच विवाद इतना बढ़ा कि लात घूंसे चल गए. दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है.

बेटमा थाना क्षेत्र की जीवन विहार कॉलोनी में घरेलू विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. पलक उर्फ माया पति राज वर्मा ने पुलिस को बताया कि उसकी सास कृष्णाबाई ने उसे चाय बनाने के लिए कहा. उस समय उसकी बच्ची रो रही थी, जिस पर उसने थोड़ी देर में चाय बनाने की बात कही. इसी बात को लेकर सास कृष्णाबाई, ननद रिया, पति राज वर्मा, सूरज राठौर और ससुर कमल वर्मा ने विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं. वहीं दूसरी ओर सास कृष्णाबाई ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उसकी बहू पलक ने चाय बनाने की बात पर उसके साथ मारपीट की. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

कार के हैंडब्रेक में छुपाकर ले जा रहे थे 20 .78 ग्राम एमडी ड्रग्स

▶ 2.10 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2.10 लाख रुपए बताई गई है. आरोपी कार के हैंडब्रेक के पास ड्रग्स छुपाकर शहर में सप्लाई करने की फिराक में थे.

क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली और गुटकेश्वर महादेव मंदिर, वीआईपी रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर एक संदिग्ध कार को रोका. कार में बैठे युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर तलाशी ली गई, जहां हैंडब्रेक के पास छुपाकर रखी गई 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अकरम खान निवासी देपालपुर बताया. उसके खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट और मारपीट के मामले दर्ज हैं. अकरम की निशानदेही पर दूसरे आरोपी जावेद उर्फ जग्गू कुरैशी निवासी हातोद को भी गिरफ्तार किया.

आरोपियों की हुंडई कार और मोबाइल जब्त

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे सस्ते में ड्रग्स खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को महंगे दामों में बेचते थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एमडी ड्रग्स, एक मोबाइल फोन और एक हुंडई कार जब्त की है. जब्त मशरूका की कीमत करीब 4.50 लाख रुपए आंकी गई है. दोनों हुआरोपियों के खिलाफ अपराध शाखा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

एक नजर में ▶ बच्चों की स्कूल फीस, शिक्षा, कपड़े और बिजली बिल में भी हुई वृद्धि

महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ी

इंदौर. साल 2026 में महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है. इंदौर जैसे शहरों में भी हालात चिंताजनक हैं. साल 2025 की तुलना में 2026 में रसोई का बजट और बिगड़ गया है, जहां आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि देखी जा रही है. सब्जी, दूध और अन्य रसद के दाम बढ़े हैं. बच्चों की स्कूल फीस, शिक्षा, कपड़े और बिजली बिल में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का बजट बिगड़ गया है. वहीं, ईरान-अमेरिका तनाव के कारण पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में भी भारी उछाल की आशंका है.

दूसरी ओर, महंगाई के मुकाबले वेतन, मजदूरी और छोटे व्यापारियों की आय में वृद्धि नहीं हो रही है, जिससे वास्तविक आय घट रही है. गृहिणियों के लिए किचन का बोझ संभालना मुश्किल हो गया है, क्योंकि तेल, दूध और गैस की कीमतें काफी बढ़ गई हैं. पेट्रोकेमिकल की कमी और गैस की उच्च कीमतों के कारण इंदौर के उद्योगों पर भी असर पड़ रहा है, जिससे कांच और अन्य वस्तुएं भी महंगी होती जा रही हैं. महंगाई के कारण लोगों की बचत घट रही है. निम्न और मध्यम वर्ग पर महंगाई का सबसे अधिक असर पड़ रहा है. यदि महंगाई इसी तरह बढ़ती रही, तो जीवनस्तर में और गिरावट आ सकती है. हालांकि, सरकार की ओर से महंगाई को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन स्थिति अब भी चुनौतीपूर्ण है. सरकार को चाहिए कि करों में राहत दे, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर सख्त निगरानी रखे, स्कूल फीस पर नियंत्रण करे और आमदनी बढ़ाने के लिए रोजगार व छोटे कारोबार को मजबूत करे. महंगाई पर नियंत्रण ही आम आदमी को वास्तविक राहत दे सकता है.

यह बोले आम नागरिक...

दुकान की आमदनी का बड़ा हिस्सा बिजली बिल, बच्चों की फीस और घर के राशन में ही निकल जाता है. बचत तो लगभग खत्म हो गई है. इस बढ़ती महंगाई ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है.

– सुभाष पारीक, किराना व्यापारी

पहले महीने भर का राशन पांच से सात हजार रुपये में आता था. आज दस-बारह हजार रुपये खर्च हो जाते हैं. वेतन उतना ही है, बढ़ा नहीं. लेकिन, घर का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है. परिवार का बजट संभालना बहुत मुश्किल हो गया है.

– सूरज माली, आम नागरिक

मजदूरी-दिहाड़ी से जितना कमाते हैं, उससे घर का खर्च पूरा नहीं पड़ता. गैस सिलेंडर, सब्जी और राशन के दाम इतने बढ़ गए हैं कि परिवार चलाना मुश्किल हो गया है. सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करना चाहिए.

– कैलाश हिवराड़े, आम उपभोक्ता

बॉम्बे बाजार क्षेत्र से लापता 10 साल का बालक रतलाम से मिला

▶ पंढरीनाथ पुलिस ने सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया

इंदौर. बॉम्बे बाजार क्षेत्र से लापता 10 वर्षीय बालक को पंढरीनाथ पुलिस ने रतलाम से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया. बच्चा बिना बताए नाना नानी के पास जाने निकला था, लेकिन गलत ट्रेन में बैठने से रतलाम पहुंच गया.

इंदौर में गुमशुदा बच्चों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पंढरीनाथ थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. 29 अप्रैल 2026 को बॉम्बे बाजार क्षेत्र से 10 वर्षीय बालक के लापता होने पर थाना पंढरीनाथ में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई.

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीसीपी जोन-4 सुनील मेहता के निर्देशन में एडीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी सराफा विजय तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतीश पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सोशल मीडिया के माध्यम से भी बच्चे की जानकारी प्रसारित की.

नानी के घर नागपुर जा रहा था, लेकिन गलत ट्रेन में बैठ गया : लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने बालक को रतलाम से सकुशल बरामद कर लिया. पूछताछ में बालक ने बताया कि वह नाना नानी के पास नागपुर जाने निकला था, लेकिन गलत ट्रेन में बैठने के कारण रतलाम पहुंच गया. पुलिस ने बालक को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया. बच्चे के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया.

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(रद्दी विक्रय बाबद टेंडर विज्ञप्ति)

निविदा क्रमांक: 02 2026-27 — **निविदा** — दिनांक: 11.05.2026

निगम के वाचनालयों एवं कार्यालय के हिंदी व अग्रेजी भाषा के समाचार पत्र एवं इंडिया टूडे, मुक्ता साइज पत्रिकाएं तथा कटे-फटे समाचार पत्रों की रद्दी विक्रय हेतु अलग अलग भावसील बंद लिफाफे में दिनांक 29/5/26 को समय दोपहर 12 से 3 बजे तक सचिव कार्यालय के कक्ष में आमंत्रित किये जाते है। टेंडर के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नगर निगम प्रांगण शाखा में अमानत राशि रूपये 3000/- (अक्षरी रूपये तीन हजार मात्र) एफडी आर के रूप में पृथक लिफाफे में रखकर जमा करना अनिवार्य है। टेंडर लेटर पेड पर प्रस्तुत किये जा सकते हैं। टेंडर टेंडरदाताओ के समक्ष उसी दिन 4 बजे खोले जावेंगे। टेंडर संबंधी आवश्यक शर्ते महात्मागांधी पुस्तकालय नेहरू पार्क इन्दौर में देखी जा सकती है।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

सचिव
नगर पालिक निगम इन्दौर